कार्यालय प्राचार्य, शासकीय डॉ.वा.वा.पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय,
केन्द्रीय विद्यालय के पास, जेलरोड दुर्ग (छ.ग.)
पूर्व नाम–शासकीय कन्या महाविद्यालय,दुर्ग (छ.ग.) फोन 0788–2323773
Email- govtgirlspgcollege@gmail.com Website: www.govtgirlspgcollegedurg.com
College Code : 1602

दुर्ग, दिनांक : 22.04.2022

// प्रेस विज्ञप्ति //
गर्ल्स कॉलेज में
''गुरू संग गोठ'' का आयोजन

शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या स्नातकोत्तर महाविद्यालय में वुमेन सेल के तत्वाधान में ''गुरू संग गोठ'' का आयोजन किया गया।

प्रभारी प्राध्यापक डॉ. रेशमा लाकेश ने जानकारी देते हुए बताया कि वुमेन सेल ने अभिनव प्रयोग करते हुए विद्यार्थियों एवं शिक्षकों के बीच संवाद का कार्यक्रम रखा। वर्तमान जीवन शैली–युवा पीढ़ी की जिम्मेदारी विषय के अंतर्गत संवाद आयोजित किया गया।

प्रारंभ में महाविद्यालय के प्राचार्य ने अपने उद्‌बोधन में कहा कि जीवनशैली की जटिलता ने भावनाओं और दृष्टिकोण को भी जटिल बनाया है। हमारी सोंच का दायरा बढ़ा है, शिक्षा, पुस्तकों, इंटरनेट से विचार क्षमता में वृद्धि हुई है। उन्होनें कहा कि अतीत में लोगों का दृष्टिकोण अधिक शांतिपूर्ण एवं सरल रहा है। क्योंकि उनके पास कोई जटिल आर्थिक, सामाजिक समस्याएँ नहीं थी। जीवन शैली में बदलाव ने शिक्षा, रहन–सहन खान–पान को प्रभावित किया है।

गृहविज्ञान की विभागाध्यक्ष डॉ. अमिता सहगल ने आहार एवं पोषण के जीवन–शैली में प्रभाव पर विचार रखे तो समाजशास्त्र की प्राध्यापक डॉ. मोनिया राकेश ने सामाजिक दायित्वों के प्रभाव को रेखांकित किया।
एम.ए. समाजशास्त्र की जया यादव ने युवा पीढ़ी के दायित्वों तथा गरिमा गंगबेर ने शारीरिक मानसिक स्वास्थ्य पर चर्चा की।

नृत्य विभाग की प्राध्यापक डॉ. ऋचा ठाकुर ने शारीरिक अभ्यास एवं नृत्य पर रोचक जानकारी दी। डॉ. आरती गुप्ता ने योग का जीवन–शैली में प्रभाव पर विस्तार से बताया। नृत्य की छात्रा कु. शारदा, काजल एवं दीपा ने भारतनाट्‌यम की आधार मुद्राओं का प्रदर्शन किया जिसे सभी ने सराहा। डॉ. मीनाक्षी अग्रवाल, मधु पाण्डेय ने भी संवाद में हिस्सा लिया।

छात्राओं द्वारा पूछे गये प्रश्नों का जवाब शिक्षकों ने दिया। वुमेन सेल की सुषमा यादव, लता मेश्राम, ज्योति भरणे ने भी सहयोग किया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में छात्राएँ उपस्थित थी।

समाचार के रुप में प्रकाशन हेतु निवेदित।

(डॉ. सुशील चन्द्र तिवारी)
प्राचार्य
शासकीय डॉ. वा. वा. पाटणकर कन्या
स्नात. महाविद्यालय, दुर्ग (छ.ग.)